# 13 ARTICLE

CHAPTER

**'A', 'An' एवं 'The',** 'Articles कहलाते हैं। **A/An को Indefinite** तथा **'The' को Definite article** कहते हैं।

**ARTICLE**

**(A) Indefinite - A/An** | **(B) Definite-The**

| | |
|---|---|
| (a) यह कुर्सी है। | This is **a** chair. |
| (b) सीता ने गाना गाया। | Sita sang **a** song. |
| (c) यह छतरी है। | This is **an** umbrella. |

- इन हिन्दी वाक्यों में 'एक' नहीं होते हुए भी, इनका अंग्रेजी अनुवाद करते समय हमने '**A/An**' का प्रयोग किया है।
- वाक्यों में ***Singular Countable Noun* से पूर्व, ( यदि वह अनिश्चित है ) *Article 'A/An'* का प्रयोग** अवश्य किया जाता है। इन वाक्यों का यह अनुवाद गलत है:

| | |
|---|---|
| (a) This is chair. | *(Incorrect)* |
| (b) Sita sang song. | *(Incorrect)* |
| (c) This is umbrella. | *(Incorrect)* |

**ARTICLE dk iz;ksx dgk¡ gksrk gS**

She is _____ excellent.

- कई लोग 'excellent' देख तुरंत 'an' का प्रयोग कर देते है परन्तु इस वाक्य में कोई article का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि 'excellent' के बाद कोई noun नहीं है।

जैसे: She is an excellent student.

- Article का प्रयोग **noun के पहले** होता है।

जैसे: She is **a** student (noun).

- अगर noun की विशेषता बताने वाला adjective वाक्य में मौजूद हो तो article का प्रयोग **adjective के पहले** होगा।

जैसे: She is **an** excellent (adj) student (noun).

➢ अगर adjective की विशेषता बताने वाला adverb भी मौजूद हो तो article का प्रयोग **adverb के पहले** होगा।

जैसे: She is **a** $\underbrace{\text{very}}_{\text{adv}}$ $\underbrace{\text{excellent}}_{\text{adj}}$ $\underbrace{\text{student}}_{\text{noun}}$.

**A, An का प्रयोग कहाँ किया जाता है?**

**1. A/An का प्रयोग अनिश्चित (Indefinite) Singular Noun से पूर्व किया जाता है। ( निश्चित होने पर Noun के पूर्व 'The' का प्रयोग किया जाता है ) इसलिए A/An को Indefinite articles** कहा जाता **है; जैसेः**

(a) I have **a** car.
(b) He sang **a** song.
(c) This is **an** orange.
(d) Ram is **a** student.

**2. जिस शब्द के पूर्व 'A/An' का प्रयोग करना है, यदि उस शब्द के उच्चारण की प्रथम ध्वनि (First sound of pronunciation) स्वर है तो 'An' का प्रयोग होगा।** यदि यह **ध्वनि व्यंजन** है, तो **'a'** का प्रयोग होगा।

(a) अंग्रेजी भाषा में **A, E, I, O, U,** को स्वर **(Vowels)** माना गया है। कई शब्द इन **Vowels** से शुरू तो हो सकते है, लेकिन मुख्य बात है, उस शब्द के **उच्चारण** की। हिन्दी वर्णमाला के **अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ स्वर** माने जाते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **An u**mbrella | -अम्ब्रेला | **A u**niversity | -यूनिवर्सिटी |
| **A u**nion | -यूनियन | **A e**we | -यू |
| **A o**ne rupee note | -वन | **An ho**nest man | -ऑनेस्ट |

➢ शब्द का प्रथम letter क्या है ,यह महत्त्वपूर्ण नहीं है। महत्त्पूर्ण है, उसके उच्चारण की प्रथम ध्वनि **(First Sound of pronunciation)।**

(b) अंग्रजी भाषा में एक अक्षर, कई प्रकार की ध्वनि हेतु प्रयुक्त होते है। जिन अक्षरों को **स्वर (A, E, I, O, U)** माना गया है, उनका **उच्चारण** बहुत बार **व्यंजन (Consonants)** की तरह होता है। बहुत से व्यंजन (Consonants) स्वर का उच्चारण देते हैं। हो सकता है शब्द का प्रथम अक्षर M, F, H इत्यादि हो, लेकिन **उच्चारण** की **प्रथम ध्वनि स्वर** हो तो ऐसे शब्दों के पूर्व **an** का प्रयोग होगा।

**ABBREVIATION esa Hkh mPpkj.k ds vuqlkj pysaA**

**जैसे:**

| | |
|---|---|
| (a) He is **an** MLA/ MP | (एम.एल.ए./ एम.पी.) |
| (b) He lodged **an** FIR. | (एफ.आई.आर.) |
| (c) He is **an** IAS officer. | (आइ.ए.एस.) |
| (d) He is **an** SDO. | (एस.डी.ओ.) |
| (e) I have **an** x-ray machine. | (एक्स-रे) |
| (f) She in **an** LLB. | (एल.एल.बी.) |
| (g) I have been waiting for **an** hour. | (ऑवर) |
| (h) He is **an** heir to the throne. | (एयर) |
| (i) Ram is **an** honest person. | (ऑनेस्ट) |

dqN vU; mnkgj.k

1. **An** hour.
2. **An** honour.
3. **An** honourable person.
4. **An** honest man
5. **An** heir.
6. **A** house
7. **An** honorarium.
8. **A** historical monument.
9. **A** young man.
10. **A** ewe.
11. **An** eagle.
12. **A** European.
13. **A** university.
14. **A** unit.
15. **A** union.
16. **An** Umbrella
17. **A** unique planet.
18. **A** useful book.
19. **A** year.
20. **A** one-rupee note.
21. **A** one-eyed man.
22. **An** orange
23. **An** F.O.
24. **A** forest officer.
25. **An** M.P
26. **A** Member of Parliament.

**USE OF INDEFINITE ARTICLE A/AN**

1. **Singular Countable noun से पूर्व A/An** का प्रयोग किया जाता है। **Countable का अर्थ है जिसकी गिनती की जा सकती है;** अगर **Noun** का प्रयोग न हो तो **Article** का भी प्रयोग नहीं होगा।

जैसे: (a) I have **a** pen (b) She has **a** car. (b) Ram has **an** umbrella. (d) She is **a** house wife.

**नोट:** **'Noise' uncountable Noun** है। फिर भी इसके साथ Article **'a'** का प्रयोग होता है।

जैसे: Do not make **a** noise.

2. **Exclamatory वाक्यों में 'What/How'** के बाद व **Singular Countable nouns** से **पूर्व A/An** का प्रयोग किया जाता है;

जैसे: (a) What **a** grand building!
(b) What **a** pretty girl!

3. **'प्रति माह' या 'प्रति वस्तु कीमत' के सन्दर्भ में** प्रयोग करने पर **A/An** का प्रयोग किया जाता है।

जैसे: (a) This car runs twenty kilometers **a** litre.
(b) I earn Rs. ten thousand **a** month.
(c) This train runs seventy kms. **an** hour.

4. **कुछ गिनती बताने वाले शब्द जैसे: hundred, thousand, million, dozen, couple** से **पूर्व 'a'** लगता है।

जैसे: (a) **A** dozen pencils were bought by her.
(b) I have **a** hundred pens.

5. **Half से पूर्व a** का प्रयोग निम्न प्रकार से किया जाता है; जैसे:

जैसे: (a) $2\frac{1}{4}$ Metre -two and **a** quarter metre.

(b) $3\frac{1}{2}$ Kilo-three and **a** half kilo.

(c) She has to run half **a** mile every day.

6. जब वाक्य में **Verb ( क्रिया )** का **प्रयोग Noun** की तरह किया जाता है, उससे पहले **A/An** लगाया जाता है;

जैसे: (a) He goes for **a** walk daily.
(b) He has gone for **a** ride.
(c) I had **a** long talk with them.
(d) I want to have **a** drink.

**7.** **Many/rather/quite/such के बाद** यदि **singular noun** आता है तो **noun** के **पूर्व A/An** का प्रयोग किया जाता है;

जैसे: (a) Many **a** citizen would welcome such a change.
(b) It is rather **a** pity.
(c) It was quite **an** impossible task.
(d) It was such **a** foolish decision.

**8.** **कुछ विशेष Phrases में A/An का प्रयोग होता है;**
**In a fix, in a hurry, in a nutshell, make a noise, make a foot, keep a secret, as a rule, at a stone's throw, a short while ago, at a loss, take a fancy to, take an interest in, take a liking, a pity, tell a lie.**

जैसे: (a) Never tell **a** lie.
(b) Do not make **a** noise.
(c) Twelve inches make **a** foot.

➢ **कुछ phrases के साथ article का प्रयोग नहीं होता ह;**
**to lose heart, to set foot, to give ear, at home, last but not least, to catch fire, in hand, set on fire, by car/bus etc, at last, by mistake, in danger, to take heart.**

जैसे: (a) I am at home.
(b) The house was set on fire.
(c) I go to college by bus.

**A/AN dk iz;ksx fuEu fLFkfr;ksa esa ugha djuk pkfg,%**

**(1)** किसी भी **Plural noun** से पूर्व **A/An** का प्रयोग नहीं किया जाता है।

जैसे: A boys (pl.n.) have come (×)
Boys have come (✓)
**The** boys have come (✓)

**(2)** **Uncountable nouns** से पूर्व *A/An* का प्रयोग सामान्यत: नहीं किया जाता है; जैसे: **Advice, Accommodation, Baggage, Luggage, News, Permission, Progress, Scenery, Weather, Traffic, Knowledge, Music, Wine, Equipment,Information, Poetry, Furniture, Hair, Business, Mischief, Bread, Stationery Crockery, Postage, Wastage, Money, Jewellery, Breakage, Work, Evidence.**

जैसे: (a) He gave me an advice (remove *'an'*)
(b) I will buy a furniture today (remove *'a'*)

➢ **Uncountable nouns** के पूर्व जब **A/An** का प्रयोग किया जाता है तो इनके साथ कुछ **शब्दों** का प्रयोग करके उन्हें **Countable Noun बनाया जाता है।**

जैसे: (a) I have **a piece of information** for you.
(b) I ate **a slice of bread**.
(c) He gave me **a piece of work** to do.

➢ Article का प्रयोग **'kind of', 'sort of', 'type of', 'variety of'** के बाद प्रयुक्त **Nouns के पहले नहीं**

होता है।

जैसे: What sort of a man is he ! (×)

What sort of man is he ! (✓)

## USE OF DEFINITE ARTICLE 'THE'

➢ **'The'** का प्रयोग उस **noun** से **पूर्व** किया जाता है, जो **निश्चित** है या जिसकी **चर्चा पहले की जा चुकी है। 'The'** को इसी कारण **Definite article** कहा जाता है।

**'The' का प्रयोग करने के नियम-**

➢ **जब किसी पूर्व निर्धारित वस्तु के बारे में कहा जाता है; जैसे:**

जैसे: Once upon a time there lived **a** king. **The** king was very kind. One day he met **an** old man. **The** old man was very poor.

(a) प्रथम वाक्य में **king** से पूर्व सर्वप्रथम **'a'** का प्रयोग किया गया है, क्योंकि **introduction** के समय से पहले हमें ये ज्ञात नहीं था कि कहानी किस की सुनाई जा रही है। बाद में **'the'** का प्रयोग किया गया है, क्योंकि **introduction** के बाद **king** निश्चित हो गया है। इसी प्रकार **old man** से पहले सर्वप्रथम **'a'** का प्रयोग किया गया लेकिन बाद में **'the'** का, क्योंकि तीसरे वाक्य में **old man** का **उल्लेख पहली बार** हो रहा है लेकिन चौथे वाक्य में वह **already introduced** हो चुका है।

(b) **The** man in white shirt is my brother.

(c) **The** boy standing near the gate is my brother .

वाक्य (b) एवं (c) में 'the' का प्रयोग, **एक निश्चित, निर्धारित Noun** के तरफ **इंगित** करता है।

## USE OF ARTICLE WITH DIFFERENT KINDS OF NOUN

### PROPER NOUN:

**1.** किसी भी व्यक्ति अथवा स्थान के नाम के साथ Article का प्रयोग **नहीं** होता है।

जैसे: Ram was an ideal son.

Rome is an ancient city.

**अपवाद:**

➢ **निम्न स्थिति में Proper Noun से पूर्व A/An** का प्रयोग किया जा सकता है-

जैसे: (a) **A** Mr Sharma has come to meet you.

(b) This book is written by **a** Suresh Mishra.

'Mr. Sharma' proper noun हैं, जब ये वक्ता के लिए अनजान हैं तो इनसे पूर्व **'a'** के प्रयोग का अर्थ किसी (कोई) Mr. Sharma हो जाता है।

➢ अगर किसी व्यक्ति अथवा स्थान को **उसके गुण या दोष की वजह से उदाहरण स्वरूप प्रयोग किया जाये** तो उस नाम के पहले **Article** का प्रयोग होगा।

जैसे: He is **the** Ram of modern India.

Jaipur is **the** Rome of India.

He is **a** Hitler.

➢ कुछ स्थान के नाम के साथ Article **'The'** का प्रयोग किया जाता है।

जैसे: **The** Ukraine
**The** Great Britain
**The** Netherlands
**The** Hague.

**2.** राज्यों के नाम के साथ Article का प्रयोग नहीं होता । अपवाद -**The** Punjab.

**3.** किसी भी **देश के नाम** के साथ **Article** का प्रयोग **नही** होता।

जैसे: America, Russia.

➢ लेकिन यदि देश के नाम में **Union, United, Republic** या **Kingdom** शब्द का प्रयोग हो तो Article **'The'** का प्रयोग करें।

जैसे: **The** Soviet Union, **the** United States, **the** Irish Republic

**4.** **पर्वत श्रृंखला** के साथ **'The'** का प्रयोग होता है।

जैसे: **The** Himalayas, **the** Alps,

➢ लेकिन **पर्वत की चोटी के नाम** के साथ **Article** का प्रयोग **नहीं** होता है।

जैसे: Mt. Everest, Mt. Abu.

**5.** **Nationality ( राष्ट्रीयता )** व्यक्त करने वाले शब्दों से पूर्व **'The'** का प्रयोग करें लेकिन **भाषा** के साथ **Article** का प्रयोग **न** करें।

**The** English speak English.
**The** English defeated **the** French.

**6.** **बिमारियों के नाम** के साथ **Article** का प्रयोग **नहीं** होता।

**अपवाद:**

**The** Measles, **the** Rickets, **the** Mumps , **the** Plague, **the** Flu.

**7.** **नीचे दिए गये Proper Noun के साथ Article** 'The' **का प्रयोग करें। साथ में कुछ उदाहरण प्रत्येक बिन्दु को स्पष्ट करने के लिए दिए गए हैं**

**(a)** **नदियों के नाम:** जैसे- **The** Yamuna, **the** Ganga, **the** Godawari, **the** Sutlej.

**(b)** **समुंद्र के नाम:** जैसे- **The** Arabian sea, **the** Caribbean sea.

**(c)** **महासागर के नाम:** जैसे- **The** Indian Ocean, **the** Pacific Ocean, **the** Atlantic Ocean.

**(d)** **द्वीप के समूह:** जैसे- **The** lakshdweep, **the** Andaman and Nicobar Islands.

**(e)** **भौगोलिक पिण्ड के नाम**- जैसे: **The** Sun, **the** Venus, etc.

***नोट:*** जो वस्तु **Unique** हैं, उससे **पूर्व 'the'** का प्रयोग होता है; जैसे:

➢ **The** world, **the** universe, etc. लेकिन Heaven, Hell, God, Parliament के पूर्व **'article'** का प्रयोग **नहीं** होता है;

जैसे: (a) The world is in danger due to green house effect.
(b) Go to hell.
(c) God resides in heaven.
(d) The Bill was passed in Parliament.

➢ **Environment** एवं **Atmosphere** से **पूर्व 'The'** का प्रयोग किया जाता है;

जैसे: (a) The atmosphere consists of three layers.

(b) We must protect the environment.

➤ जब **Space** का अर्थ **'अंतरिक्ष'** होता है, तो **Space** से **पूर्व article** का प्रयोग नहीं होता है, लेकिन यदि **Space 'जगह'** के **अर्थ** में प्रयुक्त हुआ है तो **'The'** का प्रयोग होगा;

जैसे: (a) Many astronauts dream of going to space.

(b) He tried to park his car but **the** space was not sufficient.

**8.** **दिशाओं के नाम:** जैसे- **The** East, **the** West, etc.

लेकिन यदि इनके **साथ** किसी **Place का नाम जोड़ा गया हो तो 'The' का प्रयोग नहीं होगा।** जैसे: **West Bengal.**

➤ **इसी तरह Northern, Southern, Eastern, Western से पूर्व article** नहीं आता है; जैसे: **Western India.**

**कुछ अन्य उदाहरण-**

जैसे:
1. **The** sun rises in **the** east.
2. He is going to **North America.**
3. Rajasthan is in **Western India.**
4. Sweden is in **Northern Europe.**

**9.** **खाड़ी के नाम:** जैसे- **The** Bay of Bengal

**10.** **रेगिस्तान के नाम:** जैसे- **The** Sahara desert

**11.** **नहरों के नाम:** जैसे- **The** Suez Canal

**12.** **समाचार पत्र के नाम:** जैसे- **Th**e Hindu, **The** Times of India

**13.** **पवित्र ग्रंथ के नाम:** जैसे- **The** Gita, **the** Bible

➤ लेकिन **Valmiki's Ramayan, Banabhatt's Kadambiri,** जैसी स्थिति में, इनके पूर्व **'The' नहीं** लगता है क्योंकि यहाँ धार्मिक ग्रंथ के नाम के पहले उसके लेखक का भी नाम जुड़ा हुआ है।

**14.** **ऐतिहासिक इमारतो के नाम:** जैसे- **The** Taj Mahal, **the** Red Fort.

➤ बहुत-सी **महत्त्वपूर्ण Buildings एवं Monuments** के **नाम दो शब्दों** से मिलकर बने होते हैं। जिनमें से **एक शब्द किसी व्यक्ति या स्थान का नाम** होता है, **ऐसे नाम के साथ 'The'** का प्रयोग **नहीं** किया जाता; जैसे: **Delhi Airport, Victoria Palace, London Zoo, Jai Singh Palace, Indira Gandhi Airport**

**15.** **आंदोलन के नाम:** जैसे- **The** Quit India movement

**16.** **संगठन के नाम:** जैसे- **The** United Nations,

**17.** **रेल/हवाई मार्ग के नाम:** जैसे- **The** Jet Airways, **the** Intercity, **the** Rajdhani Express.

**18.** **राजनैतिक पार्टियों के नाम:** जैसे- **The** B.J.P, **the** Congress, **the** Communist Party.

**19.** **अधिनियम/संवैधानिक इकाई के नाम:** जैसे- **The** Indian Penal Code, **the** Legislature

**20.** **वाद यंत्र के नाम:** जैसे- **The** Flute, **the** Violin

**21.** **धार्मिक समुदायों के नाम:** जैसे- **The** Hindus, **the** Muslims, **the** Sikhs.

**22.** **व्यक्ति के पद के पूर्व:** जैसे- **The** Chairman, **the** Director ***(अगर 'एक' के संदर्भ में पद का उल्लेख हो तो a director, an author इत्यादि भी हो सकता है। यानि a/an का भी प्रयोग हो सकता है।)***

**23.** **किसी आविष्कार (Invention) के नाम के पूर्व:** जैसे- **The** telescope.

**24.** **समिति, क्लब तथा ट्रस्ट के नाम के पूर्व:** जैसे- **The** Lions' Club, **The** Rotary Club.

**25.** **वंशजों के नाम:** जैसे- **The** Marathas, **the** Peshwas.

**26.** **शरीर के अंगों (Parts of the body)** के पूर्व **'the' का प्रयोग तभी होता है जब possessive adjective (my, his, etc.) के स्थान पर Article** का प्रयोग **हो;** जैसे- He was wounded in **his/the** eye.

**27.** **तारीख के साथ:** जैसे- **The** 10th of May.

**28.** **सशस्त्र बल के साथ:** जैसे- **The** Army, **the** Police.

**29.** **ग्रहों (Planets) के नाम के साथ:** जैसे- **The** Venus, **the** Mars.

**30.** **होटल के नाम के साथ:** जैसे- **The** Taj Hotel.

**31.** **खेल की टॉफी एवं कप के नाम के साथ:** जैसे- **The** World Cup.

**32.** **युद्ध, क्रांति एवं सदी के नाम के साथ:** जैसे- **The** French revolution,the Middle Ages.

➢ नीचे दिये गये **Proper Noun** के साथ **Article** का प्रयोग **न** करें।

**1.** **महीने के नाम:** June, July, September etc.

**2.** **दिन के नाम:** Sunday, Monday, Tuesday etc.

**3.** **विषयों के नाम:** Mathematics, Physics etc.

**4.** **मार्ग के नाम:** M.G. Road, Mall Road etc.

**5.** **Meals के नाम:** Lunch, Dinner, etc.

**6.** **भाषा के नाम:** English, Hindi, etc.

**7.** **Hobbies के साथ:** Gardening, singing.

**8.** **खेल के नाम के साथ:** Hockey, Cricket.

**9.** **Noun Complement के पहले; appoint, make, elect, select के साथ।**

**जैसे:** They elected him ~~**the**~~ president.

## COMMON NOUN:

**1.** जब कोई वस्तु **Understood** होती है तो उससे **पूर्व 'The'** का प्रयोग होता है; जैसे:
(a) Kindly return **the** book. *(That I gave you)*
(b) Can you turn off **the** light? *(The light in the room.)*

**2.** अगर **Singular Common Noun** के पहले **Article** का प्रयोग किया जाये तो वह **पूरी प्रजाति** का उल्लेख कर सकता है पर इनके साथ **Singular verb** का प्रयोग होगा।

जैसे: **A** dog **is** a faithful animal.

***नोट:-*** सिर्फ **man** के उल्लेख मात्र से अर्थ मानव जाति निकलता है।

जैसे: Man is mortal.

**3.** जब कोई **Noun किसी व्यक्ति के अंदर मौजूद गुण, भाव या अभिव्यक्ति को व्यक्त करे**, तो उससे **पूर्व article** का प्रयोग होता है;

जैसे: (a) **The** judge (moral of judge) in him, prevailed upon **the** father (Love of father for his son) and he sentenced his son to death.

(b) **A** mother (feelings of motherhood) was born in her when she saw the baby.

**4.** जब **स्कूल, कॉलेज, मन्दिर** इत्यादि का उल्लेख उनके **प्राथमिक उद्देश्य** के संदर्भ में हो तब **article** का प्रयोग **न** करें।

जैसे: Children should go to school.
I go to temple every morning.

➢ लेकिन जब **स्कूल, कॉलेज** इत्यादि का उल्लेख किसी बिल्डिंग या स्थान के संदर्भ में हो तब Article का प्रयोग करें।

जैसे: My house is behind a school.
The college is next to the temple.

## ABSTRACT/MATERIAL NOUN:

➢ **Abstract/Material noun** के साथ **सामान्यत: Article का प्रयोग** नहीं होता। वैसे भी ये **Uncountable Nouns** है। **A/An का प्रयोग तो हो भी नहीं सकता है।**

Gold is precious.
Honesty is the best policy.

➢ लेकिन अगर हम इन Noun का प्रयोग नीचे दिये गये **Sentence formation** में करें तो तब Article **'The'** का प्रयोग होगा।

| **Article + Noun + of + ...** |
|---|

The cotton of Egypt is known for its superior quality.
The honesty of this boy is liked by all.

## USE OF ARTICLE WITH ADJECTIVE

**1. Superlative degree से पूर्व 'the' का प्रयोग किया जाता है।**

जैसे: (a) He is **the best** student of our class.

(b) She is **the most** beautiful girl of the town.

**2. Comparative Degree से पूर्व article 'the' का प्रयोग किया जाता है जब दो comparative degree को एक दूसरे से directly या inversely proportional दिखाया जाए;**

जैसे: (a) **The more** electricity you use, **the higher** your bill will be.

(b) **The higher** you rise, **the greater** is the fall.

**3. अगर दो में से एक का चुनाव किया जाए तो Comparative degree का प्रयोग होता है जिसके पहले 'the' और जिसके बाद 'of' का प्रयोग होगा;**

जैसे: (a) He is **the stronger of** the two wrestlers.

(b) She is **the better of** the two players.

➢ अगर **सभी में से एक का चुनाव** किया जाए तो **superlative degree का प्रयोग** होगा। **Superlative Degree के पहले भी article 'the'** और **उसके बाद 'of'** का प्रयोग होगा।

जैसे: She is **the best of** all the players.

**4. जब Adjectives जैसे honest, rich, poor, meek इत्यादि के पहले 'the' का प्रयोग किया जाता है तो वह पूरे वर्ग को सम्बोधित करता है। इनके साथ Plural Verb का प्रयोग किया जाता है ।**

जैसे: (a) The honest are always rewarded.
(b) The rich exploit the poor.
(c) The young and the old, the poor and the rich, all demand corruption free India.

**5. किसी Proper noun के बाद या साथ जब कोई Adjective/Noun उसी Noun को qualify करते हुए लगाया जाता है तो Proper Noun के बाद 'the' का प्रयोग होता है;**

जैसे: Ashoka, **the great, the great Akbar.**
Napolean, **the warrior.**

**6. Ordinals से पूर्व 'The' का प्रयोग किया जाता है। first, second, third...ordinals तथा one, two, three...cardinals कहलाते हैं;**

जैसे: (a) Chapter **two** of this book is very difficult.
(b) **The second** chapter of this book is very difficult.
(c) Volume **one** is on verbs.
(d) **The first** volume is on verbs.

**7. Adjective 'same' एवं 'whole' के पहले और 'all' एवं 'both' के बाद article 'the' का प्रयोग किया जाता है।**

जैसे: (a) He is **the same** boy that met me in the market.
(b) **The whole** period was wasted.

**8. Few एवं little के साथ 'a'** एवं **'the'** लगाने पर उनके **अर्थ परिवर्तित** हो जाते हैं।

**Few**
- a few **( संख्या में कम है लेकिन है )**
- few **( संख्या में इतना कम की ना के बराबर है )**
- the few **( संख्या में कम लेकिन निर्धारित व जिसके तरफ हम इंगित कर सकते है। )**

**Little**
- a little **( मात्रा में कम है लेकिन है )**
- little **( मात्रा में इतना कम की ना के बराबर है )**
- the little **( मात्रा में कम लेकिन निर्धारित व जिसके तरफ हम इंगित कर सकते है। )**

**9. यदि Adjective से पहले so, as, too, how, quite** का प्रयोग होता है तो उसके **बाद A/An (Indefinite Article)** का प्रयोग किया जाता है;

जैसे: (a) It is too heavy **a** box for me to carry.
(b) Rohit is not so big **a** businessman as you think.

## USE OF ARTICLE ACCORDING TO SUBJECT – VERB AGREEMENT

**1. यदि दो या दो से अधिक Noun एक ही व्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुए हों तो 'The' का प्रयोग प्रथम Noun के पूर्व किया जाता है;**

जैसे: (a) The secretary and treasurer was present there.
(b) The director and Producer has come for the shooting.

➢ यहाँ Secretary and treasurer तथा director and producer एक ही व्यक्ति है।
लेकिन अगर अलग-अलग व्यक्ति को सम्बोधित करना हो तो article 'the' का प्रयोग सभी पद के पहले करें।

जैसे: (a) The secretary and the treasurer were present there.

➢ यहाँ secretary एवं treasurer अलग-अलग व्यक्ति है।

## A/AN ,oa ONE ds chp dk varj

**1.** **A/An Article हैं, जबकि One एक Adjective है।**

**2.** **प्रतिदिन, प्रति सप्ताह, प्रति किलो, कीमत या दर** के लिए **'a'** का प्रयोग ही किया जायेगा **'one'** का नहीं।
Ten rupees a kilo, four times a day, Sixty kilometers an hour, Twelve rupees a dozen.

**3.** **'a'** एवं **'one' का noun** के साथ प्रयोग करने पर भिन्न-भिन्न अर्थ निकलता है। **A/An का अर्थ any या every** से भी होता है;

जैसे: One cow is not enough for the family's requirement. *(We need two or more cows.)*
A cow is a useful animal. *(Cows are useful.)*

**4.** **'One'** का प्रयोग **another/other** के साथ किया जा सकता है, **'a'** का प्रयोग नहीं;

जैसे: (a) One student wants to study, another wants to play.
(b) One day he comes, the other day he does not.

**5.** **'One' का प्रयोग day/week/month/year/summer/winter etc.** के नाम के पूर्व किया जा सकता है जो उस दिन/समय होने वाली किसी घटना के सन्दर्भ में प्रयुक्त होता है;

जैसे: (a) One night there was a terrible storm.
(b) One day Ravana came to Sita's cottage.

**6.** **One day** का प्रयोग **'किसी दिन'** के अर्थ में किया जाता है;

जैसे: (a) **One day** you'll realise your mistake.
(b) **One day** you will feel sorry for what you have done.

**7.** **'One'** का प्रयोग **'a/an' के pronoun** के समरूप भी किया जाता है;

जैसे: (a) Did you get any berth? Yes, I managed to get **one**.

➢ 'One' का बहुवचन (plural) उक्त प्रयोग में **'some'** होगा;

जैसे: Did you get berths? Yes I managed to get **some**.

**8.** 'Noun' के 'repetition' से बचने के लिए pronoun 'one' the का प्रयोग होता है।

जैसे: (a) This car is better than that one.

## SPOTTING THE ERROR

1. (a) The loss of jobs/ (b) is regarded by some as an necessary evil/ (c) in the fight against inflation./ (d) No error.
2. (a) It is a/ (b) quarter to ten/ (c) by my watch./ (d) No error.
3. (a) Gita doesn't usually/ (b) wear jewellery but yesterday/ (c) she wore ring./ (d) No error.

4. (a) The police asked us/ (b) about our movements/ (c) on a night of crime./ (d) No error.
5. (a) In science the credit goes to a man/ (b) who convinces the world,/ (c) not to the man to whom the idea first occurs./ (d) No error.
6. (a) It is only after/ (b) the match is over/ (c) that people realize/ how exciting it is./ (d) No error.
7. (a) Of the two/ (b) sisters, she/ (c) is better./ (d) No error.
8. (a) It is unfortunate enough/ (b) to lose few friends we make/ (c) during our school days./ (d) No error.
9. (a) There were a number of intelligent gentlemen at the party/ (b) but it was Mr. Subramaniam, an eminent scientist,/ (c) who remained a centre of attraction./ (d) No error.
10. (a) I have been/ (b) informed that/ (c) Mr. Sharma, the director and the chairman will visit Patna the following month./ (d) No error.
11. (a) He is/ (b) the best worker/ (c) of the factory but unfortunately least paid./ (d) No error.
12. (a) He has come out/ (b) with an unique proposal/ (c) for his friends (d) No error.
13. (a) When the house was/ (b) set on the fire, all the people/ (c) started shouting at the top of their voices./ (d) No error.
14. (a) Little knowledge/ (b) of medicine that he possessed/ (c) proved to be a blessing for him when he was in great pain./ (d) No error.
15. (a) It was/ (b) by a mistake/ (c) that he injured her hand./ (d) No error.
16. (a) These orders of/ (b) the Manager/ (c) may put the lives of two thousand workers in a danger./ (d) No error.
17. (a) I inspired him/ (b) to take the heart/ (c) in all adverse situations and deserve to be called a real hero./ (d) No error.
18. (a) The most happy/ (b) marriage would be/ (c) a union of a deaf man and a blind woman./ (d) No error.
19. (a) John suggested to/ (b) the children of his village that they should/ (c) go to the school regularly and do their home work sincerely./ (d) No error.
20. (a) Some people say that/ (b) her husband is in the jail/ (c) and so she lives alone./ (d) No error.
21. (a) The Greek peoples/ (b) are considered/ (c) very brave/ (d) No error.
22. (a) His father/ (b) asked him to go/ (c) to the temple every morning/ (d) No error.
23. (a) There was little/ (b) milk in the refrigerator and she gave it/ (c) to her crying son./ (d) No error.
24. (a) He leads/ (b) a very luxurious life / (c) so he goes to every part of India by a car./ (d) No error.
25. (a) Thanks to an effort/ (b) and persistence of the doctors, the victims of the blast/ (c) have been able to start a normal life again./ (d) No error.
26. (a) In a hour's time/ (b) I will be back/ (c) but now I have to go./ (d) No error.
27. (a) Terrorist organizations/ (b) kill innocent people/ (c) to spread a violence./ (d) No error.
28. (a)Whole world is/ (b) today facing the threat of extinction/ (c) due to the inventions of Science./ (d) No error.
29. (a) The answer/ (b) to all the sufferings of / (c) human beings lies in the Science./ (d) No error.
30. (a) The police should exercise/ (b) their authority with little/ (c) bit of sensitivity

and humanity./ (d) No error.

31. (a) This is/ (b) most important/ (c) lesson which we will have to study very carefully./ No error.
32. (a)The Ganges/ (b) is for North India/ (c) what Krishna is for South India./ (d) No error.
33. (a) I like to travel/ (b) by the air as/ (c) I am a very busy person./ (d) No error.
34. (a) The Chairman and the Trustee/ (b) was removed from his/ (c) post because he had misappropriated the fund./ (d) No error.
35. (a) She found/ (b) herself in a trouble/ (c) when she saw the stalker following her persistently./ (d) No error.
36. (a) All the people/ (b) of India know that/ (c) Gandhi ji was a very wise and a noble soul./ (d) No error.
37. (a) The man/ (b) is the only creature/ (c) that is endowed with the art of humour./ (d) No error.
38. (a) It is very difficult/ (b) to find out the number of/ (c) the creatures living on the earth./ (d) No error.
39. (a) While climbing/ (b)the hill, to his amazement , the/ (c) poor man found the box of pearls./ (d) No error.
40. (a) The blast derailed the lives / (b)of many people but in an year/ (c) time leaving apart the victims,no one remembered anything/ (d) No error.
41. (a)Cowards die/ (b) several times,/ (c) the braves die but once/ (d) No error.
42. (a) Akbar became a heir/ (b)to the throne at/ (c) a young age of thirteen/ (d) No error.
43. (a) The both brothers/ (b) are safe now/ (c) and are recuperating./ (d) No error.
44. (a) When the principal entered the classroom/ (b) all boys shook/ (c) in their shoes/ (d) No error.
45. (a) Father in him/ (b) could not bear the condition of/ (c) his ailing daughter/ (d) No error.
46. (a) Let judge in you/ (b) decide what/ (c) punishment should be given to him/ (d) No error.
47. (a) My teacher said that/ (b) Sun is a/ (c) star/ (d) No error.
48. (a) Due to its beauty/ (b) Kashmir is known as/ (c) Switzerland of India/ (d) No error.
49. (a) Most of the people of Southern India/ (b) do not know/ (c) the Hindi/ (d) No error.
50. (a) He went for the lunch/ (b) at 1 p.m. and then/ (c) returned/ (d) No error.
51. (a) The honesty/ (b) is/ (c) a virtue./ (d) No error.
52. (a) Every morning the Sun/ (b) rises/ (c) in east/ (d) No error.
53. (a) He is/ (b) best player/ (c) in India./ (d) No error.
54. (a) When I met him/ (b) the couple of days back/ (c) he was writing a new book,/ (d) No error.

## *Answers with explanation*

1. (b) 'necessary evil' के पहले 'an' नहीं 'a' का प्रयोग करें। 'necessary' vowel नहीं consonant sound से शुरू होता है।
2. (a) 'Quarter to ten' के पहले 'a' का प्रयोग नहीं होगा।

3. (c) 'ring' singular countable noun है जिसका पहली बार जिक्र हो रहा है। अत: 'a' का प्रयोग करें।
4. (c) 'night of crime' वह निश्चित रात है जिस रात crime हुआ। अत: definite article 'the' का प्रयोग करें।
5. (a) जिस व्यक्ति ने world को convince किया वह निश्चित व्यक्ति है। अत: definite article 'the' का प्रयोग करें।
6. (b) यहाँ किसी निश्चित match की बात नहीं की जा रही है अत: 'the' का प्रयोग गलत है। वाक्य का अर्थ है कि जब कोई match खत्म हो जाता है तब लोग समझ पाते है वह match कितना exciting था। अत: match के पहले 'a' का प्रयोग करें।
7. (c) better के पहले 'the' का प्रयोग करें। अगर दो में से एक का चुनाव किया जाता है तो comparative degree का प्रयोग होता है जिसके पहले 'the' का प्रयोग होता है।
8. (b) यहाँ 'few' के पहले 'the' का प्रयोग होगा। यहाँ उन कुछ दोस्तों की बात हो रही है जिन्हें हम school days में दोस्त बना लेते है। वे दोस्त निश्चित noun है अत: definite article 'the' का प्रयोग होगा।
9. (c) 'centre of attraction' के पहले 'the' का प्रयोग करें। क्योंकि 'Mr. Subramaniam' निश्चित noun है अत: definite article 'the' का प्रयोग होगा।
10. (c) यहाँ एक ही व्यक्ति Mr. Sharma को दो पद उपलब्ध है। अत: सिर्फ director के पहले 'the' का प्रयोग करें, Chairman के पहले नहीं। (sub-verb agreement देखे)
11. (c) 'Least' superlative degree of adjective है। अत: least के पहले 'the' का प्रयोग करें क्योंकि adjective के superlative degree के पहले 'the' का प्रयोग होता है।
12. (b) Unique 'यू' sound से शुरू होता है। अत: 'an' नहीं 'a' का प्रयोग करें।
13. (b) 'Set on fire' उपयुक्त Phrase है।
14. (a) यहाँ 'little' का प्रयोग 'थोड़ा सा' के संदर्भ में प्रयुक्त हो रहा है 'न' के बराबर के संदर्भ में नहीं। फिर 'medicine' शब्द से ये definite भी हो जा रहा है अत: 'the little' का प्रयोग करें। वैसे यहाँ 'a little' का भी प्रयोग करना ठीक रहेगा।
15. (b) 'By mistake' सही प्रयोग है।
16. (c) 'in danger' सही प्रयोग होता है।
17. (b) 'to take heart' सही phrase है। इसका अर्थ है आशावादी होना।
18. (c) 'Union' के पहले 'the' का प्रयोग करें। यहाँ किसी एक 'union' की बात नहीं हो रही है।
19. (c) अगर 'school' से हमारा तात्पर्य 'पढ़ाई करना' है तो 'school' के पहले article का प्रयोग नहीं होगा।
20. (b) यहाँ 'jail' से हमारा तात्पर्य jail के प्राथमिक उद्देश्य सजा से है अत: jail के पहले article का प्रयोग न करें।
21. (a) 'Peoples' का अर्थ है विभिन्न नस्ल के लोग। 'The Greeks/The Greek people' से हम पूरे Greek नस्ल को सम्बोधित करते है। अत: 'peoples' शब्द का प्रयोग नहीं होगा।
22. (c) यहाँ 'temple' से हमारा तात्पर्य पूजा है। अत: temple के पहले 'the' का प्रयोग नहीं होगा।
23. (a) यहाँ हमारा तात्पर्य थोड़ा सा दूध है जिसे बच्चे को दिया गया अत: 'a little' का प्रयोग करें।
24. (c) 'By car' सही प्रयोग होगा।
25. (a) 'effort' के पहले 'the' लगाये। यहाँ एक effort की बात नहीं हो रही है।
26. (a) 'hour' का उच्चारण 'अ' से शुरू होता है। अत: hour के पहले 'a' नहीं 'an' का प्रयोग करें।
27. (c) 'Violence' Countable नहीं है। अत: 'violence' के पहले 'a' का प्रयोग नहीं होगा।

28. (a) Whole के पहले 'the' का प्रयोग होता है।
29. (c) किसी भी विषय के नाम के साथ article का प्रयोग नहीं होता। 'Science' के पहले 'the' का प्रयोग न करें।
30. (b) little के पहले a का प्रयोग करें क्योंकि 'a little' का अर्थ होता है 'थोड़ा-सा' और 'little' का अर्थ होता है 'न के बराबर'।
31. (b) 'most' superlative degree है। अत: most के पहले 'the' का प्रयोग करें।
32. (c) Krishna के पहले 'the' का प्रयोग करें क्योंकि नदियों के नाम के साथ 'the' का प्रयोग होता है।
33. (b) 'by air' सही प्रयोग है।
34. (a) वाक्य से ज्ञात होता है कि दोनों पद एक ही व्यक्ति को हासिल है। अत: 'the' का प्रयोग सिर्फ पहले पद (chairman) के लिए करें। 'Trustee' के पहले का 'the' हटा दें।
35. (b) 'trouble' uncountable noun है। अत: उसके पहले 'a' का प्रयोग नहीं हो सकता।
36. (c) Gandhiji (एक व्यक्ति) के दो विशेषताओं का उल्लेख हो रहा है। अत: 2nd adjective 'noble' के पहले 'a' का प्रयोग गलत है।
37. (a) 'Man' का अर्थ होता है मानव जाति। अत: 'man' के पहले 'the' का प्रयोग न करें।
38. (c) 'Creatures' के पहले का 'the' हटा दे। 'number of' के पहले 'the' का प्रयोग हो चुका है।
39. (c) 'a box of pearls' सही प्रयोग होगा क्योंकि उस 'poor' man' का इसकी जानकारी नहीं थी अत: box of pearls उसके लिए definite नहीं था।
40. (b) 'year' के पहले 'a' का प्रयोग होता है। year का उच्चारण 'इ' से नहीं 'य' से शुरू होता है।
41. (c) 'The brave' का अर्थ है सभी वीर। 'brave' adjective है। Adjective का बहुवचन नहीं बनाया जा सकता 'Cowards' noun है।
42. (a) 'heir' का उच्चारण 'ए' से शुरू होता है। अत: 'heir' के पहले 'an' का प्रयोग करें। यहाँ 'the' का प्रयोग भी उपयुक्त रहता।
43. (a) Both के बाद 'the' का प्रयोग होता है।
44. (b) 'All' के बाद 'the' का प्रयोग करें।
45. (a) 'father' के पहले 'the' का प्रयोग करें। जब किसी व्यक्ति के अंदर मौजूद किसी व्यक्तित्व का उल्लेख करना हो तो उसके पहले article का प्रयोग होता है।
46. (a) प्रश्न 45 की व्याख्या देखें।
47. (b) 'sun' के पहले 'the' का प्रयोग करें।
48. (c) 'Switzerland' के पहले 'the' का प्रयोग करें।
49. (c) 'Hindi' के पहले 'the' का प्रयोग न करें।
50. (a) 'lunch' के पहले 'the' का प्रयोग न करें।
51. (a) 'The' हटा दे। Abstract noun के साथ 'article' का प्रयोग नहीं होता है।
52. (c) 'east' के पहले 'the' का प्रयोग करें।
53. (b) 'best' के पहले 'the' का प्रयोग होगा।
54. (b) 'The' को 'a' में परिवर्तित करें।